प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 30.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय एकता दिवस पर कल गुजरात के केवड़िया में भव्य परेड का करेंगे उद्‌घाटन, 1 नंवबर से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तक मनाया जाएगा भारत पर्व।
2. झारखंड में एसआईआर को लेकर सीईओ ने उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक, पंचायत और वार्ड स्तर पर विशेष कैंप लगाकर पैतृक मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के निर्देश।
3. गिरिडीह के पचम्बा में नौ दिवसीय ऐतिहासिक गौशाला मेला शुरु, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा– यह मेला हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक।
4. रांची समेत राज्य भर में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर जारी, मौसम विभाग ने तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की जतायी आशंका।
5. कोहिमा में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड के ताइक्वांडो खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, अखिल यादव ने जीता रजत पदक, जयवीर यादव को कांस्य।

****

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल गुजरात के केवड़िया में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रतीक के रूप में एक शानदार एकता परेड का आयोजन किया जाएगा। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह परेड अनूठी होगी और नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड की तर्ज पर होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परेड का उद्‌घाटन करेंगे, जो हर साल 31 अक्टूबर को एकता नगर में आयोजित की जाती है। केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों के अलावा राज्यों के पुलिस बल और देश भर के कलाकार इस समारोह में शामिल होंगे। श्री शाह ने यह भी कहा कि 1 नंवबर से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर तक भारत पर्व मनाया जायेगा।

****

इधर झारखंड में भी राष्ट्रीय एकता दिवस को खास बनाने की पहल की जा रही है। इसके तहत धनबाद संसदीय क्षेत्र में तीन और धनबाद जिले में दो पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। माय भारत केंद्र के धनबाद जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि 7 नवंबर से इन कार्यक्रमों की शुरुआत होगी।

****

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और राज्य के 25वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर इस वर्ष सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में धनबाद में विशेष तैयारी की जा रही है। जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि 11 नवंबर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सफल प्रतिभागियों को 15 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

****

झारखंड में एसआईआर की तैयारी तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और हेल्प डेस्क मैनेजरों के साथ समीक्षा बैठक की और उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री कुमार ने बैठक के दौरान कहा कि एसआईआर से पहले वर्तमान मतदाता सूची को 2003 की सूची के साथ पूरी तरह मैप करना अनिवार्य है। उन्होंने पंचायत और वार्ड स्तर पर विशेष कैंप लगाकर पैतृक मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

****

पलामू के सतबरवा प्रखंड की रबदा पंचायत अंतर्गत फुलवरिया टोला में औरंगा नदी तट पर ऐतिहासिक पलामू किला जतरा मेला की शुरूआत हो गयी है। दो दिनों तक चलने वाले इस मेले का उद्‌घाटन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से किया। चेरो राजा मेदिनीराय की याद में हर वर्ष छठ पूजा के बाद पलामू किला जतरा मेला का आयोजन किया जाता है।

****

गिरिडीह जिले के पंचबा में नौ दिवसीय गौशाला मेला प्रारंभ हो गया है। राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने इसका उद्‌घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। श्री कुमार ने आयोजन समिति को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करने की सलाह दी।

****

गिरिडीह में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं।

****

घरेलू शेयर बाजार में मिले–जुले वैश्विक संकेतों के कारण आज दोपहर के कारोबार में आधा प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स तीन सौ 99 अंक लुढ़ककर 84 हजार 598 और निफ्टी 116 अंक की सुस्ती के साथ 25 हजार 938 पर था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 54 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

रांची समेत राज्य भर में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर जारी है। लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। आज भी रांची समेत कई जिलों में रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। 2 नवंबर से मौसम में सुधार की उम्मीद है और कोहरा छाने की भी आशंका है।

****

कोहिमा में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड के जयवीर यादव ने 41 किलो भार वर्ग के सेमीफाइनल में उतराखंड के खिलाड़ी से हार के बाद कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 32 किलो भार वर्ग में अखिल यादव ने रजत पदक जीता।

****